संख्या. ए-30012/03/2024- समन्वय

भारत सरकार

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

खुर्शीद लाल भवन, जनपथ,

नई दिल्ली, दिनांक: 27.08.2024

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: जुलाई, 2024 माह के लिए मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश – तत्संबंधी।**

अधोहस्ताक्षरी को जुलाई, 2024 माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की गतिविधियों का मासिक सार इसके साथ परिचालित करने का निर्देश हुआ है।

संलग्नक: यथोपरि।

**(राज कुमार)**

**उप सचिव, भारत सरकार**

**दूरभाष : 23455303**

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य (सूची के अनुसार)।
2. भारत सरकार के सभी सचिव (सूची के अनुसार)।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के माननीय राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
6. भारत के माननीय उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली।
7. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, प्रथम तल , शास्त्री भवन, नई दिल्ली।

प्रतिलिपि :

i. माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली, के निजी सचिव

ii. सचिव (सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय), खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव ।

iii. अपर महा निदेशक (एससीडी), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली

iv. अपर महा निदेशक, CICD, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली।

v. उप महा निदेशक (कार्यक्रम कार्यान्वयन), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, खुर्शीद लाल भवन, नई दिल्ली।

अन्य प्रतिलिपि :

डीआईआईडी (कंप्यूटर केंद्र सहित), लेवल-3, पूर्वी ब्लॉक-10, आर.के. पुरम, नई दिल्ली को मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मासिक सारांश अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की जुलाई, 2024 माह की प्रमुख पहलें और उपलब्धियाँ**

मैं, आपका ध्यान **जुलाई, 2024** माह के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की प्रमुख पहलों और उपलब्धियों की ओर आकर्षित करना चाहूँगा।

2. मंत्रालय ने **12 अगस्त, 2024** को अखिल भारतीय ग्रामीण, शहरी, संयुक्त के लिए **जुलाई, 2024** (अनंतिम) और **जून, 2024** (अंतिम) महीने के लिए **आधार 2012=100** पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के उप-समूहों/समूहों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को जारी किया। **जुलाई, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) 195.3, 190.2 और 192.9 थे, जो क्रमशः 4.10%, 2.98%, 3.54% की वार्षिक मुद्रास्फीति दर दर्शाते हैं। **जून, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु संबंधित मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 5.66%, 4.39% और 5.08% थीं।

3. **जुलाई, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु अखिल भारतीय उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) क्रमशः 201.3, 210.0 और 204.3 थे। **जुलाई, 2024** (अनंतिम) महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु सीएफपीआई के लिए अखिल भारतीय वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दरें क्रमशः 5.89%, 4.63% और 5.42% थीं। **जून, 2024** के महीने के लिए ग्रामीण, शहरी और संयुक्त क्षेत्र हेतु संबंधित मुद्रास्फीति दरें (अंतिम) क्रमशः 9.15%, 9.60% और 9.36% थीं।

4. आधार वर्ष 2011-12 के साथ **जून, 2024** (त्वरित अनुमान) के लिए अखिल भारतीय औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) **12 अगस्त, 2024** को जारी किया गया और यह **जून 2023** में 143.9 की तुलना में 150.0 रहा।

5. मंत्रालय ने माह के दौरान निम्नलिखित रिपोर्ट/प्रेस नोट जारी किए:

(i) दिनांक 5 जुलाई, 2024 को वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिए वार्षिक अनिगमित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण (एएसयूएसई) रिपोर्ट ।

(ii) दिनांक 25 जुलाई, 2024 को भारत में पेरोल रिपोर्टिंग: एक रोजगार परिप्रेक्ष्य-मई, 2024

6. **जुलाई, 2024** की 150 करोड़ रुपए और उससे अधिक की लागत वाली चालू केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं हेतु नवीनतम फ्लैश रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं :

| | |
|---|---|
| चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या | 1793 |
| वास्तविक लागत के संबंध में लागत वृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 459 |
| समयावृद्धि वाली परियोजनाओं की संख्या | 883 |
| पूर्ण दर्ज की गई परियोजनाओं की संख्या | 21 |
| मार्च 2024 तक संचयी व्यय | 16,31,467.37 करोड़ रू. |
| चालू माह (जुलाई, 2024) के दौरान व्यय | 24,558.09 करोड़ रू. |
| चालू वित्तीय वर्ष से जुलाई 2024 तक के दौरान व्यय | 1,13,040.33 करोड़ रू. |
| जुलाई, 2024 तक संचयी व्यय | 17,44,507.59 करोड़ रू. |

7. अवसंरचना क्षेत्रों के निष्पादन पर नवीनतम समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 23-24 की तद्नुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-मई वित्तीय वर्ष 24-25 में प्रासंगिक मापदंडों यथा [विद्युत] - विद्युत उत्पादन (+10.85%), [कोयला] - लिग्नाइट उत्पादन सहित कोयला (+11.33%), [इस्पात] - तैयार इस्पात का उत्पादन (+4.36%), [सीमेंट]- सीमेंट उत्पादन (+0.98%), [उर्वरक] - नाइट्रोजन, फॉस्फेट और यूरिया उत्पादन (+1.2%), (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस] - संसाधित कच्चा तेल (+1.72%) एवं प्राकृतिक गैस उत्पादन (+5.75%), [सड़क] - राज्य पीडब्लयूडी और सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा राजमार्गों का उन्नयन (+5.39%), [रेलवे] - संभाला गया यात्री यातायात (+4.57%) एवं माल ढुलाई द्वारा अर्जित राजस्व (+5.01%), [पोत-परिवहन] - प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कुल कार्गो (+3.89%), [पोत-परिवहन] - प्रमुख बंदरगाहों पर संभाला गया कोयला (0.84%), [नागर विमानन] - संभाला गया अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात (+14.17%) एवं संभाला गया घरेलू यात्री यातायात (+5.56%), [नागर विमानन] - हवाई अड्डों पर निर्यात कार्गो (+15.47%) में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है। तथापि, कुछ मापदंडों यथा [पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस] - कच्चे तेल का उत्पादन (-0.73%), [सड़क] - एनएचएआई द्वारा राजमार्गों का उन्नयन (-7.93%), और [दूरसंचार] बेस ट्रांसीवर स्टेशनों सहित टावर ( (-84.57%) में नकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

8. मंत्रालय ने राष्ट्रीय महत्व के मामलों संबंधी सरकारी सांख्यिकी की अनुसंधान और डेटा विश्लेषण की प्रक्रिया तथा मंत्रालयों/विभागों के साथ अपने निष्कर्ष साझा करने की प्रक्रिया शुरू की है, जिन्हें नीति निर्माण के लिए इनपुट के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इस संबंध में, मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया कार्य-पत्र 'भारत- साक्ष्य – आधारित नीति सुझावों में श्रम बल भागीदारी महिला दर की वृद्धि कैसे की जाए' दिनांक 12 जुलाई, 2024 को 8 संबंधित मंत्रालयों के साथ साझा किया गया है।

****